प्रतिवेदन
'मातृभाषा दिवस –2023'

भारतीय ज्ञान परंपरा, गुण, शक्ति, आदर्शों को ठीक रूप से पहचानने के लिए जरूरी है कि हम मातृभाषाओं को प्रोत्साहन दें। मातृभाषाएं हमारे खान–पान, पहनावों के साथ ही लोक मान्यताओं एवं हमारी संस्कृति को संजोए हुए हैं। एक तरह से हम यह कह सकते हैं कि मातृभाषाएं हमारी पहचान को अभिव्यक्ति देती हैं। हमें हमारी पहचान को बनाए रखने व विद्यार्थियों के मन में अपनी मातृभाषा के प्रति आदर एवं उत्साह की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'भारतीय शिक्षा नीति' के तहत आई.आई.एस. (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के हिंदी विभाग द्वारा 'मातृभाषा दिवस' के अवसर पर 'एकल लोक नृत्य (विभिन्न प्रांतों के)' (IISU Cultural Gulid के संयुक्त तत्वावधान में) एवं दोहा वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

साथ ही IISU Theatrical Society के संयुक्त तत्वावधान में प्रहसन का मंचन किया गया। प्रहसन के अंतर्गत Theatrical society के विद्यार्थियों ने 'बीबीसी डॉक्युमेंट्री' नामक प्रहसन के माध्यम से बताया कि हमारे विभिन्न प्रांतों में भाषाई वैविध्य होने के साथ ही खान–पान, वेशभूषा, तीज –त्यौहार आदि में भी वैविध्य के दर्शन होते हैं। लेकिन ऐसा होने पर भी सभी एक परिवार की तरह मिलकर एक साथ रहते हैं इस परिदृश्य को प्रहसन के माध्यम से दिखाने की कोशिश की।

आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है–

एकल लोक नृत्य (विभिन्न प्रांतों के)– (के संयुक्त तत्वावधान में) 21 फरवरी 2023
समय 10:30-1:00, स्थान AV Hall

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत राजस्थान, पंजाब, गुजरात, असम आदि विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्यों की प्रस्तुति प्रतिभागियों द्वारा दी गई। प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 10 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया। निर्णायक की भूमिका सुश्री मनिका शर्मा, सहायक आचार्य, फाइन आर्ट डिपार्टमेंट ने निभाई।

दोहा वाचन प्रतियोगिता–22 फरवरी 2023,समय, स्थान

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों ने कबीर, रहीम आदि विभिन्न प्रसिद्ध संत साधकों के दोहों का वाचन बहुत ही सुंदर एवं हृदयस्पर्शी वाणी में किया। इस प्रतियोगिता में 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका मेहा सक्सैना, सहायक आचार्य, लेखा एवं प्रबंधन विभाग ने निभाई।

आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे–

एकल लोक नृत्य (विभिन्न प्रान्तों के) प्रतियोगिता
(IISU Cultural Guild के संयुक्त तत्वावधान में)

प्रथम	:	हिमांशी शर्मा, बी.ए. बी.एड (सेमेस्टर द्वितीय)
द्वितीय	:	पूजा सेठिया, बी.बी.ए. (सेमेस्टर द्वितीय)

दोहा वाचन प्रतियोगिता–

प्रथम	:	राशि बाहेती, बी.ए. (सेमेस्टर द्वितीय)
द्वितीय	:	चाहत जैन, बी.ए. ऑनर्स (सेमेस्टर द्वितीय)